दिनांकः 02.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्र सरकार ने इस्राइल–अमरीका के ईरान पर हमलों के मद्देनजर भारत में चेतावनी जारी की है। गृह मंत्रालय ने संभावित हिंसा को लेकर सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ईरान समर्थक भड़काऊ भाषण देने वाले कट्टरपंथी उपदेशकों की पहचान करने को कहा गया है। पत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और इस बारे में कार्रवाई तेज करने की जरूरत पर जोर दिया गया है।
इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर कल रात समीक्षा बैठक की। मंत्रिमंडल समिति के साथ हुई बैठक में खाड़ी देशों की स्थिति की जानकारी दी गई। बैठक में खाड़ी देशों में मौजूद भारतीय समुदाय की सुरक्षा की चिंता व्यक्त की गई। समिति ने सभी विभागों को भारतीय नागरिकों को ज़रूरी सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान से बात कर यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री ने इन हमलों में हुए जानमाल के नुकसान पर दुख जताया। श्री मोदी ने कहा कि भारत तनाव कम करने, इलाके में शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में चल रही है। दोनों नेता भारत–कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा करेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री 27 फरवरी से चार दिन की भारत यात्रा पर हैं।

000

प्रदेश में गर्मी की दस्तक समय से पहले ही शुरू हो गई है। अधिकतर स्थानों पर तेज़ धूप से गर्मी का अहसास बढ़ गया है। कल 17 जिलों में पारा 33 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। वहीं तीन शहरों में 35 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 36 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म रहा। प्रदेश के 4 शहरों में रात का पारा भी 20 डिग्री के पार मापा गया। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री ऊपर दर्ज किये जा रहे हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है।

....

000

प्रदेश में होलिका दहन आज मध्य रात्रि में होगा। इसके बाद कल रंगों की होली धुलण्डी खेली जाएगी। होलिका दहन के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बाजार रंग, अबीर, गुलाल, पिचकारियों और मिठाईयों से सजे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अनूठी लोक परम्पराओं की भी धूम है। शेखावाटी अंचल में चंग, ढफ और नगाड़ों की थाप गूंज रही है। यहां ईको फ्रेंडली होली अपनाई जा रही है और पिछले दो–तीन दिन से फूलों से होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। राजधानी जयपुर में गोविंददेवजी मंदिर में होलिका दहन से पहले आज रंगों और फूलों की होली खेली जाएगी।
उधर, बारां जिले के प्रसिद्ध फूलडोल उत्सव का कल आगाज़ हुआ। किशनगंज में 140वें फूलडोल उत्सव का मुख्य समारोह 4 मार्च को होगा। इस दौरान स्वांग, शोभा यात्रा, कलश यात्रा, भजन संध्या सहित कई आयोजन होंगे।

000

देशभर में कल से जनऔषधि सप्ताह की शुरूआत स्वास्थ्य जांच शिविरों के साथ हुई। सप्ताह के तहत लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरुक किया जाएगा। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान देशभर में ढाई सौ से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और ब्लड प्रेशर और थायरॉइड के परीक्षण भी किये जा रहे हैं। इन शिविरों में जनऔषधियों का भी वितरण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना–पीएमबीजेपी के तहत, देश भर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं। सरकार ने अगले साल तक इस नेटवर्क को 25 हजार जनऔषधी केंद्रों तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।